Sri Lankan waters for fishing. Intensive patrolling by the Navy and the Coast (guards will infuse a sense of security in the minds of the fishermen a.iid would protect them against any harassment.

कलकत्ता में सामूहिक बलात्कार

715. **श्री कपिल वर्मा :**
श्रीमती वीणा वर्मा :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 20 जुलाई, 1990 के विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में "कलकत्ता के 24 परगना जिले में सामूहिक बलात्कार" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि पिछले 2-3 सालों में महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किये जाने की घटनाओं में वृद्धि हुई; यदि हां, तो इस प्रकार की घटनाओं के राज्यवार आंकड़े क्या हैं ; और

(ग) इस संबंध में कितने अपराधी पकड़े गये और कितने अपराधियों को सजा दी गई ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कांत सहाय) : (क) सरकार को समाचार की जानकारी है । पश्चिम बंगाल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 17-7-1990 को कुछ बदमाश किसी प्रदीप राय की खोज में विराती रेलवे स्टेशन के पास स्थित कुछ झोंपड़ियों में आए । उसके बाद बदमाशों ने कुछ अन्य झोंपड़ियों में छापा मारा और तीन महिलाओं के साथ बलात्कार किया । भारतीय दंड संहिता की धारा 448/376/34 के अधीन एक मामला दर्ज किया गया । राज्य की सी.आई.डी. ने मामले की जांच पड़ताल की और अब तक 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिसमें श्रीमती विश्वास भी शामिल है जिसने अपराध को न्यायिक रूप से मान लिया है । स्थानीय पुलिस शेष अभियुक्तों को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही है ।

(ख) और (ग) महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार करने तथा ऐसे अपराधों के लिए गिरफ्तार और दंडित किए गए अभियुक्तों के बारे में अलग से आंकड़े संकलित नहीं किए जाते हैं ।

चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध

1716. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मई व जून 1990 के दौरान भारत के कितने प्रतिनिधि मंडल चीन गये और चीन सरकार से कौन-कौन से प्रतिनिधि भारत आये ;

(ख) प्रत्येक भारतीय प्रतिनिधि-मंडल में शामिल व्यक्तियों के नाम क्या हैं और कृषि, उद्योग, धार्मिक सहिष्णुता और सैन्य क्षमता के क्षेत्र में चीन द्वारा किये गये प्रयास को देखकर भारतीय प्रतिनिधिमंडल की क्या धारणा बनी ; और

(ग) भारत के प्रतिनिधि मंडल ने चीन के अपने प्रतिस्थानियों के साथ किन-किन मुद्दों पर बातचीत की और क्या भारत ने उनके साथ कुछ समझौतों/संधियों पर भी हस्ताक्षर किये थे; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरि किशोर सिंह) : (क) से (ग) सदन की मेज पर एक विवरण रख दिया गया है। (देखिए परिशिष्ट 155 अनुपत्र संख्या 54)

इन यात्राओं से चीन के विकास के विभिन्न पक्षों को भारत के लिए ज्यादा गहराई से समझना संभव हुआ है । इस प्रक्रिया से इन यात्राओं के क्षेत्रों में से कुछ में द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक गति मिलने की संभावना है ।